# चुनावः एक उम्मीदवार ने वापिस लिया नामांकन, अब 14 प्रत्याशी मैदान में

## जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने 9 उम्मीदवारों को आवंटित किए चुनाव चिन्ह

➡ डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया, उम्मीदवारों की सहूलियत के लिए भारतीय चुनाव आयोग ने सुविधा पोर्टल लॉन्च किया

आरती दलाल



**अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि 9 मई गुरुवार को अम्बाला लोकसभा चुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी कुलबीर सिंह पुत्र गुरनाम सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापिस ले लिया। अब चुनाव में 14 उम्मीदवार शेष बचे हैं। इसके साथ-साथ 9 उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित किए गए। वहीं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनैतिक दल अपने चुनाव चिन्ह पर मतदान लड़ेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में 7-ए फाइनल हो गया है, अब बैलेट पेपर छापने की सूचना आयोग को भेजी जाएगी। 25 मई को मतदान के दिन ईवीएम में एक बटन नोटा का व अन्य बटन क्रमवार से उम्मीदवारों के नामानुसार होंगे। आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) के कमल कुमार को चुनाव चिन्ह- केतली, पीपल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोकेटिक) से गुलाब सिंह नरवाल को चुनाव चिन्ह- फलों से युक्त टोकरी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से नितेश चोपड़ा को चुनाव चिन्ह- ट्रक, भारतीय जवान किसान पार्टी से बलजीत सिंह को चुनाव चिन्ह- डायमंड, भारतीय युवा जन एकता पार्टी से मामचंद को चुनाव चिन्ह- बैटरी टॉर्च, एकम सनातन भारत दल से मेहर सिंह चालिया को चुनाव चिन्ह- बांसुरी,हरियाणा जनसेना पार्टी से राकेश कुमार को चुनाव चिन्ह- गन्ना किसान, बहुजन मुक्ति पार्टी से सूरज कुमार को चुनाव चिन्ह- चारपाई, निर्दलीय उम्मीदवार मोहर सिंह को चुनाव चिन्ह- सेब। जजपा से किरण पुनिया, इनेलो से गुरप्रीत सिंह, बहुजन समाज पार्टी से पवन कुमार, भाजपा से बंतो देवी कटारिया, इंडियन नेशनल कांग्रेस से वरूण चौधरी मैदान में है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने बताया कि उम्मीदवारों की सहूलियत के लिए भारतीय चुनाव आयोग ने सुविधा पोर्टल लॉन्च किया है। इसके माध्यम से उम्मीदवार चुनाव से जुड़ी अनेकों सुविधाओं के लिए सीधे आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार किसी भी रैली व जनसभा करने से पहले जिला प्रशासन की अनुमति अवश्य लें। आदर्श आचार संहिता के नियमों का अवश्य पालन करें। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को अपना व एजेंट का आई-कार्ड बनवाने की अपील भी की।

# महाराणा प्रताप ने अपनी वीरता से बड़े बड़े बाहुबलियों को किया ढेर: संग्राम राणा



जगमार्ग न्यूज

**रादौर।** क्षत्रिय जागृति सेवा संघ की ओर से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती महाराणा प्रताप पार्क में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में समाजसेवी संग्राम सिंह राणा पालेवाला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि कर्मसिंह राणा वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पार्षद विनीश राणा ने की। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने की शपथ ली। संग्राम राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप महाराणा उदयसिंह और माता जीवत कंवर की वीर संतान थी। महाराणा प्रताप के काल में दिल्ली में मुगल सम्राट अकबर का शासन था, जो भारत के सभी राजा-महाराजाओं को अपने अधीन कर मुगल साम्राज्य की स्थापना कर इस्लामिक परचम को पूरे हिंदुस्तान में फहराना चाहता था। 30 वर्षों के लगातार प्रयास के बावजूद महाराणा प्रताप ने अकबर की आधीनता स्वीकार नहीं की। जिसकी आस लिए अकबर ही इस दुनिया से चला गया। महाराणा प्रताप का हमेशा धर्म व देश के लिए तत्पर थे। उनकी वीरता के आगे बड़े बड़े वीर भी ढेर हो गए। हमे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा देशहित में कार्य करना चाहिए। इस मौके पर संदीप राणा लालछप्पर, अमित गर्ग, विजेंद्र राणा करेड़ा, कोच अमित राणा पालेवाला, रवि राणा उन्हेड़ी, मनोज राणा पालेवाला, चंदनराणा पालेवाला, भीम राणा नाचरौन इत्यादि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### महाराणा प्रताप की कुर्बानी को किया याद



**बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में वीर शिरोमणि, देशभक्त महाराणा प्रताप जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समस्त महाविद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ एसके शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप समस्त समाज के लिए एक आदर्श और उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हमें विपरीत परिस्थितियों में भी कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने बार-बार मुगलों के आक्रमणों का सामना किया लेकिन कभी भी अपनी आन बान और शान के साथ समझौता नहीं किया। उन्होंने सीमित संसाधनों के बल पर कई वर्षों तक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उनका चरित्र आज के युग में समाज को नई दिशा दिखाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी शखसियत को याद करते हुए आज समस्त महाविद्यालय एक उद्यान के समान पुष्पित, व गर्वित महसूस कर रहा है। महाराणा प्रताप महाविद्यालय सदैव उनकी शिक्षाओं व उनके संघर्ष को नमन करता है। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### जेएमआईटी कालेज में तकनीकी मेले का आयोजन



**रादौर (जगमार्ग न्यूज)।** जेएमआईटी कालेज में तकनीकी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के सभी विभागों के 643 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से छात्रों ने अपने तकनीकी ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धी भावनाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ तकनीकी नवीनीकरण को भी प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. विवेक शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थान के कार्यकारी निदेशक डा. गौरव शर्मा ने कहा कि संस्थान में स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए इनोवेशन पर जोर दिया जा रहा है। तकनीक के इस दौर में मेमोरी और स्टोरेज समाधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है और हम इस उद्योग में इनोवेशन का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हैं।

### सांप के काटने से तंदवाली में युवक की मौत



**बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)।** गांव तंदवाली में सांप के काटने से 21 साल के युवक की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शेखर पुत्र रामचंद्र आज सुबह खेत में घूमने गया था। जहाँ उसे सांप ने काट लिया। पास ही खेत में काम कर रहे किसान निशान सिंह ने उसे देख लिया। परिजन उसे इलाज के लिये एम एम अस्पताल मुलाना में ले गए। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में एक बहन और उसके माता-पिता है। परिवार अपना पालन पोषण मेहनत मजदूरी कर करता है।

### भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हवन यज्ञ का किया आयोजन



**यमुनानगर (जगमार्ग न्यूज)।** जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के सदस्यों द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अधिवक्ता सदन प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें माननीय जिला एंव सत्र न्यायाधीश शालिनी सिंह नागपाल बतौर मुख्य अतिथि अन्य सभी जज साहिबान के साथ सम्मलित हुई और जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के प्रधान अरूण ढाण्डा व उनकी कार्यकारिणी और अन्य सभी उपस्थित अधिवक्तागणों के साथ मिलकर हवन यज्ञ में आहूति दी और सभी को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई दी। हवन उपरांत सभी को प्रशाद का वितरण किया गया और सभी के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर महा-सचिव अभिषेक बांगड, उप-प्रधान रविन्द्र सिंह संधु, सह-सचिव शानु शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सैनी, धमैन्द्र कुमार शर्मा, विजय गौतम, अजय शांडिल्य, प्रदीप कुमार शर्मा, संदीप शर्मा, दिगविजय उपाध्याय, नवीन शर्मा, अजय शर्मा, अतुल त्यागी, विकास शर्मा, अनुज शर्मा, उमंग शर्मा आदि अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप जयंती पर छबील लगाकर राहगीरों को पिलाया मीठा पानी



**रादौर (जगमार्ग न्यूज)।** क्षत्रिय युवा समाज की ओर से महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर बस स्टैंड के समीप मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर राहगीरों को मीठा व ठंडा पानी पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। इस अवसर पर चंदन राणा व दीपक प्रताप ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें किसी के साथ न झुकने की प्रेरणा देता है। महाराणा प्रताप ने देश के दुश्मनों से लोहा लिया। उनकी वीरता का कोई सानी नहीं था। महाराणा प्रताप ने भगवान एकलिंगजी की कसम खाकर प्रतिज्ञा ली थी कि जिंदगीभर वे कभी अकबर को अपना बादशाह नहीं मानेंगे। इस अवसर पर अजय राणा, डा. बृजपाल राणा, भीमसिंह नाचरौन, पवन पुंडीर, अशोक पालेवाला, अशोक मखाला, चंद्रास नाचरौन, दुष्यंत राणा, काकू इत्यादि मौजूद रहे।

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)।** एडीसी एवं स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने आमजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अति आवश्यक है। एडीसी अपराजिता ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी डॉ. शालीन के नेतृत्व में अम्बाला जिला में निरंतर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चल रहा है। एडीसी अपराजिता ने कहा कि चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। नए मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप की सहायता से ई-वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं और अपने मतदान केंद्र का पता लगा सकते हैं।

### अंबाला कोर्ट में गई युवती हुई लापता

**बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)।** गांव अधोया से एक 22 वर्षीय लडकी के लापता होने का मामला सामने आया है। गांव अधोया हिन्दवान निवासी कर्ण सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास तीन बच्चे है जिसमें बड़ा लडका राजकुमार (23), दो लड़कियां पायल (26) व 22 साल की नेहा है। नेहा प्राइवेट एमए की पढ़ाई करने के बाद अंबाला कोर्ट में वकील के पास प्राइवेट नौकरी कर रही थी। हर रोज की तरह नेहा सुबह 7 बजे अंबाला कोर्ट में गई थी लेकिन जब वह देर शाम तक वापिस नहीं लौटी तो उन्होंने अपने तौर पर उसकी तलाश की लेकिन उसके बारे में कुछ भी पता नहीं चल सका। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रतौली में दूषित पेयजल की आपूर्ति से ग्रामीण परेशान

**साढौरा (जगमार्ग न्यूज)।** रतौली गांव में पेयजल की आपूर्ति के लिए दो नलकूप लगे हुए हैं। लेकिन इनमें से एक नलकूप छह माह पहले खराब हो जाने के कारण यहां से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। वहीं दूसरे नलकूप की सप्लाई आबादी के अनुसार कम होने के कारण गांव की अधिकतर आबादी को पेयजल की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों शेरखान, मुश्ताक, नजीर व गफ्फार ने बताया कि पानी इतना अधिक दूषित है कि पीना तो क्या नहाने या पशुओं को पिलाने तक में इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। मजबूरी में अगर इसे पीते हैं तो ग्रामीणों को उल्टी-दस्त लग रहे हैं। गर्मी के दिनों में पेयजल की इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने इस बारे में कई बार शिकायत की है। इसके बावजूद समस्या हल न होने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों की मांग है कि गांव में नया नलकूप लगाए जाने तक जलापूर्ति विभाग द्वारा टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जानी चाहिए।

### शादी का झांसा देकर महिला दुराचार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)।** थाना अम्बाला शहर में दर्ज शादी का झांसा देकर महिला दुराचार के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शिकायकर्ता पीड़ित महिला ने थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी विशाल ने शादी का झांसा देकर उससे दुराचार किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# स्कूलों में मातृ दिवस का उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया

## दर्शन एकेडमी अम्बाला में मदर्स डे मनाया




**अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)।** दर्शन अकादमी में मदर्स डे को हार्दिक समर्पण के साथ मनाया। स्कूल में एक यादगार कार्यक्रम आयोजित किया जिसने माताओं के गहन महत्व और हमारे जीवन पर उनके अथाह प्रभाव को रेखांकित किया। छात्रों ने भावपूर्ण गीतों, सुंदर नृत्यों और मातृ प्रेम की प्रतिमूर्ति को समर्पित मार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मदर्स डे उत्सव छात्रों को बेटे और बेटियों के रूप में उनके कर्तव्यों की एक सौम्य याद दिलाने के रूप में कार्य करता है। इसने उन्हें उनकी माताओं द्वारा दिए गए असीम प्यार और बलिदान के लिए कृतज्ञता और प्रशंसा व्यक्त करने के महत्व पर गहन चिंतन के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने सुंदर कार्ड बनाए जिनसे उनकी मां के चेहरे पर मुस्कान आएगी। कार्यक्रम के महत्व को बढ़ाते हुए, हेडमिस्ट्रेस बलविंदर कौर, स्कूल प्रबंधक और उनकी पत्नी के साथ, अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ायी। उनकी उपस्थिति ने माताओं के सम्मान के महत्व को रेखांकित किया और उनके समर्थन और प्रोत्साहन से माहौल को और समृद्ध किया। यह उत्सव माताओं के प्यार, बलिदान और अटूट समर्थन के प्रति कृतज्ञता की हार्दिक अभिव्यक्ति थी। इसने उन असाधारण महिलाओं को संजोने और सम्मान देने के महत्व को सुदृढ़ किया जो हमारे जीवन को आकार देने में अपूरणीय भूमिका निभाती हैं।

## जी एम एन पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस



**अम्बाला।** जीएमएन पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों और उनकी माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रोग्राम में माताओं ने अलग - अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया और उन्हें अलग-अलग खेल खिलाए गए। माताओं ने नृत्य और संगीत के द्वारा समारोह में चार चांद लगा दिए। शिक्षकों ने प्रभावी विषयगत प्रस्तुतियो ,नैतिक कहानियों के माध्यम से बच्चों के जीवन में मां के महत्व को स्थापित करने का एक गंभीर प्रयास किया। मदर्स डे समारोह ने बच्चों को याद दिलाया कि हम बेटे और बेटियों के रूप में अपने कर्तव्यों की अपेक्षा करते रहे हैं। नर्सरी से पांचवी तक के छात्रों के पास अपनी प्यारी मां के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए कुछ और खास और अनोखा था। बच्चों ने अपनी माता के बारे में गहनता और भक्तिपूर्ण बातें की ।गतिशील और ऊर्जावान बच्चों को कुछ अनोखा, कुछ खास तैयार करते देखना मां के लिए बहुत सुखद था । इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिस में मलिकाएं किचन का का खिताब पूनम धीमान ने जीता ।गायकी में पूनम , नृत्य में जसविंदर कौर और मती भारती और रैंप वॉक में निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रधानाचार्य ऋतु घई ने बच्चों को अच्छे कर्मों को अपने और माता-पिता को खुश और संतुष्ट करने वाले नैतिक तरीकों का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया और माताओं को उनकी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया और उन सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी।

## तनेजा पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन



**अम्बाला।** तनेजा पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा तीसरी के छात्रों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में गरिमा तनेजा व् प्रीती भाटिया मुख्य अतिथि रहे। छात्रों ने नाटक, डांस, कविताओं, समूह गान, के माध्यम से माँ के प्रति अपनी भावनाओ को उजागर किया जिसे देखकर अभिभावक भी भावुक हो गए। अपने बच्चो से अपने प्रति प्रेम को देखना एक अद्भुत पल बन गया। अविभावको में से भी बहुत सारे अविभावको ने स्कूल द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओ म्यूजिकल चेयर, लेमन रेस, डांस आदि में भाग लिया। छात्रों ने अपनी माताओ को कार्ड बनाकर दिए और उन्हें ताज भी पहनाए। सभी विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। गरिमा तनेजा ने अपने वक्तव्य में मातृ शक्ति के बारे में बताया और सभी से अपने बच्चो को समय देने और उनके उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया। प्रीती भाटिया व् अविभावको ने बच्चो द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम व् अविभावको की तारीफ की। प्रिंसिपल अरुण गोयल ने मातृ दिवस की सभी को बधाई दी और सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अध्यापक दनिशा, रुपाली सैनी, निशा खन्ना, रोहित कुमार, संदीप कुमार, काजल, दीपिका मौजूद रहे।

## मातृ दिवस पर छात्रों संग अध्यापकों व अभिभावकों ने भी जमाया रंग



**रादौर (जगमार्ग न्यूज)।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मां के बलिदान और बच्चों के प्रति उसके समर्पण से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कई प्रकार की मनोरंजक खेल प्रतियोगिताए भी आयोजित की गई। जिसमें छात्रों, अध्यापकों व अभिभावको ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने की। जबकि कार्यक्रम संयोजक सपना की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य रितू सिंगला ने कहा कि वर्तमान समय में हर बच्चे की अलग जरूरते है और अलग अलग सकारात्मक व नकारात्मक पहलु है। जिन्हें देखते हुए स्कूल की तरफ से व्यक्तिगत विकास कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसमें हर बच्चे के इन पहलुओं पर काम करके उन्हें सुधारा जा सकता है। स्पेशल असेंबली के माध्यम से बच्चों के उन पहलुओं को अभिभावकों के सामने प्रदर्शित किया जाता है। उन्होंने उपस्थितजन को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां की महिमा का जितना गुणगान किया जाए उतना ही कम है। क्योंकि मां का बच्चों के प्रति समर्पण और बलिदान का इस पुरे विश्व में कोई भी सानी नहीं है और उनके प्रति हमें भी अपनी जिम्मेदारियां समझ कर उन्हें निभाना चाहिए।

## मातृ दिवस पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देकर मोहा मन



**रादौर।** न्यू सरस्वती सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल जगूडी में वीरवार को मातृ दिवस धुमधाम से मनाया गया। जिसकी शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों ने रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। जिनके माध्यम से छात्रों ने मां की महत्ता को प्रदर्शित किया। हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी व लोकगीतों पर दी गई प्रस्तुति से छात्रों ने सभी का मन मोहा। कार्यक्रम में छात्रों ने लघु नाटिका भी पेश की जिसमें मां के दुलार व मोबाइल फोन से हो रही नुकसान के बारे विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी छात्रों व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रबंधक नरेंद्र सैनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नरेंद्र सैनी ने कहा कि हमारे जन्म से लेकर पालन-पोषण तक मां जो कष्ट सहती है, हम सैकड़ों वर्षों में भी उस उपकार का बदला नहीं चुका सकते। मां का स्नेह अटूट, अविश्वसनीय एवं निष्पक्ष होता है। मौके पर स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मदर्स डे पर स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन



**बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल बराडा में मातृत्व दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें प्री नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रस्तुतियाँ पेश करके अपनी मां के प्रति अपना प्यार प्रदर्शित किया। बच्चों ने अलग अलग गानों पर डांस किया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने आप को आई लव यु की आकृति में खड़े होकर माँ के प्रति प्यार प्रदर्शित किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्ड्स भी बनाये जिसमें उन्होंने अलग-अलग तरह के स्लोगन्स लिखें। अंत में स्कूल प्रिंसिपल वरिंदर कौर, वाईस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह ने बताया कि मां को भगवान का दर्जा दिया है। हम कभी भी अपनी मां का कर्ज किसी भी जन्म में नहीं उतार सकते। हमें हमेशा अपनी मां का कहना मानना चाहिए। अंत में सभी बच्चों एवं अध्यापकों को मातृत्व दिवस कि बधाई दी।

### रॉड से हमला कर किया घायल, चार पर केस

**साढौरा (जगमार्ग न्यूज)।** सादिकपुर खांडरा के कयूब पर रॉड से हमला करके उसे घायल करने के आरोप में पुलिस ने खांडरा के सुल्तान, सुल्तानपुर के कम्मा तथा नयागांव के तेजा के विरुद्ध केस दर्ज किया है। जबकि इनके एक साथी की पहचान की जा रही है। कयूब ने बयान दिया है कि 8 मई को वह बाइक पर अपने घर से पोल्ट्री फार्म पर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में वह रज्जाक की दुकान पर बाइक पर तेल डलवाने के लिए रुका। तभी पिछे से आए सुल्तान, कम्मा, तेजा व उनके एक साथी ने अपने हाथों में ली हुई रॉड से उस पर हमला कर दिया। कयूब की आवाजें सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे तो हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कयूब ने आरोप लगाया कि सुल्तान के पास पिस्टल भी था। सभी आरोपियों ने जुल्फान के पोल्ट्री फार्म पर बैठकर कयूब पर हमले की साजिश रची। हमले में घायल कयूब को उपचार के लिए पहले सीएचसी और उसके बाद यमुनानगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। एसएचओ अनिल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**आयोजन** लोक अदालत में कई विषयों से संबंधित मुकदमों की होगी सुनवाई

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सभी तैयारियां पूरी, सभी के अलग अलग बेंच बना दिये गए हैं: प्रवीन

➡ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल अम्बाला एवं नारायणगढ़ के सभी अदालतों में होगा

जगमार्ग न्यूज



**अम्बाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला कंचन माही, माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के निर्देशा अनुसार प्रवीन, सीजेएम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला के मार्गदर्शन में स्थाई लोक अदालत में एक नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कैनरा बैंक, बैंक ऑफ बडोदा आईडीएफसी आईसीआईसीआई और बीएसएनएल के 1212 केस नैशनल लोक अदालत में रखे गए और 892 मुकदमों का निपटारा किया गया एंव 26592 रूपए की राशि का भुगतान किया गया। अधिक जानकारी देते हुए प्रवीन ने बताया कि नैशनल लोक अदालत की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और सभी के अलग अलग बैंच बना दिये गए हैं। उन्होंने बताया कि नैशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को अम्बाला एवं नारायणगढ के सभी अदालतो में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जनसाधारण से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को नैशनल लोक अदालत मे निपटारा करवाना चाहता है तो वह सम्बंधित न्यायलय में अपने केस को लगवा सकता है। नैशनल लोकअदालत मे बैक संबधी मुकदमे, अपराधिक मामला संबधी मुकदमे बिजली व पानी सप्लाई सम्बधी संबधी मुकदमें,वाहन दुर्घटना संबधी मुकदमें, परिवारिक विवाद संबंधी मुकदमें, चैक संबंधी मुकदमें, दीवानी केस संबधी मुकदमेंऔर समरी संबधी मुकदमों का निपटारा किया जाएगा।

### वादे के अनुसार 72 घंटे में गेहूं का भुगतान नहीं: सतपाल

**साढौरा (जगमार्ग न्यूज)।** गेंहू खरीद शुरु होने से पहले सरकार ने जे फार्म कटने के बाद 72 घंटे में भुगतान करने का वादा किया था। लेकिन अब जे फार्म कटने के 15 दिन बाद भी किसानों को गेंहू का भुगतान नहीं मिल पाया है। भाकियू के हलका प्रधान सतपाल मानकपुर ने कहा कि सरकार की इस वादाखिलफी से किसानों में रोष है। यह बात उन्होंने मार्केट कमेटी में एक बैठक में कही। सतपाल मानकपुर ने कहा कि धान की बिजाई शुरु हो चुकी है। लेकिन किसानों को धान का 7301 और 7305 किस्म का बीज नहीं मिल पा रहा है। बीज कंपनी व वितरक की मनमानी के कारण किसानों को यह बीज खरीदने के लिए मारामारी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं किसानों को अधिक दाम भी चुकाने पड़ रहे हैं। ब्लॉक प्रधान जनक पांडो ने कहा कि अगर सरकार ने गेंहू का भुगतान 72 घंटे में करने के अलावा धान का बीज आसानी से उपलब्ध न करवाया तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जसबीर पांडो, बलविन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, कर्ण सिंह, गुलाब सिंह व साहब सिंह भी मौजूद रहे।